डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 213 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | सोमवार 19 मई 2025 | मूल्य 2 रुपया




# मौसम ने बिगाड़ा इलेक्ट्रॉनिक बाजार का खेल

**✻ गर्मी की शुरुआत हुई टी-20 स्टाईल में, बंपर व्यापार का था अनुमान ✻ पचास प्रतिशत तक मंदी, बिजली की खपत में भी गिरावट**

**मंदसौर, 18 मई गुरु एक्सप्रेस। गर्मी ने इस बार अपनी शुरुआत टी20 क्रिकेट के पॉवर प्ले की स्टाईल में की। यही कारण रहा कि फ्रिज, कूलर और एसी की बिक्री में हर साल की तुलना में तेजी आ गई। इसका असर स्टॉक पर भी पड़ने लगा। अनुमान लगाया जा रहा था कि मई में गर्मी अपना रौद्र रूप दिखाएगी और इलेक्ट्रॉनिक बाजार में धन बरसेगा। इसके लिए व्यापारी तैयार भी थे। लेकिन, मौसम के फेर ने इलेक्ट्रॉनिक बाजार का खेल बिगाड़ दिया। अनुमान की अपेक्षा पचास प्रतिशत तक की गिरावट बाजार में आई।**

बिजनेस के लिहाज से अप्रैल और मई के शुरुआती 15 दिन को एसी यानी एयर कंडिशनर और कूलर का पीक टाइम माना जाता है। अप्रैल के पहले पखवाड़े में तो बिक्री का दौर चला। लेकिन, पिछले 01 महीने से एसी, कूलर की बिक्री ठप सी हो गई है। इस कारण कारोबार में 50 प्रतिशत तक घाटा हुआ है। व्यापारियों ने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस बार एयर कंडिशनर का 50 प्रतिशत तक कारोबार प्रभावित रहा है। मई जून से पहले ही रौद्र रूप दिखा रही गर्मी के तेवर ने जीवन जीने के लिए मशीनों को अनिवार्य कर दिया।

हम बात कर रहे हैं एसी, कूलर और पंखों की। उस समय बढ़ते तापमान के साथ ही शहर में एसी और कूलर की मांग बढ़ गई है। तापमान के 42 डिग्री के पार पहुंचने से लोगों को गर्मी से राहत पाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स बाजारों और शोरूम का रुख करने पर मजबूर कर दिया है। पिछले साल के मुकाबले मांग बढ़ने से दुकानदारों और मैकेनिक के लिए यह सीजन कमाई का सुनहरा मौका बन गया है। इधर मांग बढ़ने से दुकानदारो को आपूर्ति करने में अभी से ही परेशानी आने लगी। इसके बाद मई ने व्यापार और व्यापारियों का गणित ही बिगाड़ दिया। बारिश और बादलों के साथ हवाओं ने गर्मी को नियंत्रण में रखा तो इलेक्ट्रॉनिक बाजार में मंदी का दौर शुरु हो गया।

## बिजली की खपत में भी कमी...

मौसम के बदले रंग ने बिजली की खपत को भी प्रभावित किया। बारिश और ठंडी हवाओं की वजह से बिजली की खपत में 20प्रतिशत तक गिरावट आई है। बे-मौसम बारिश के कारण पानी की बचत और ग्राउंड वाटर लेवल में सुधार हुआ है। लेकिन, कुछ जगहों पर छोटे व्यापारियों और किसानों के लिए यह मौसम घाटे का सौदा साबित हो रहा है।

## अब तक मई की गर्मी ने नहीं दिखाए तेवर...

ऐसा पहली बार हुआ है, जब लगातार इतने दिनों तक प्रदेश के किसी न किसी हिस्से में तेज आंधी, बारिश हुई। मंदसौर सहित कुछ जिलों में ओले भी गिरे हैं। विशेषज्ञों की मानें तो आज सोमवार 19 मई तक ऐसा ही मौसम रहेगा। 20 मई के बाद ही गर्मी का असली दौर शुरू होगा। 15 साल में दूसरा मौका है, जब साल 2025 के मई महीने में गर्मी से ज्यादा बारिश रिकॉर्ड बना रही है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस और ट्रफ सिस्टम लगातार एक्टिव हैं, जिससे यह बदलाव देखने को मिल रहा है। 01 से 16 मई तक बारिश हो चुकी है।

## क्या है वेस्टर्न डिस्टरबेंस..?

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक वेस्टर्न डिस्टरबेंस या पश्चिमी विक्षोभ ऐसे तूफान होते हैं, जो वायुमंडल की ऊंची सतह में भूमध्य सागर, अटलांटिक महासागर और कैस्पियन सागर से नमी लाकर अचानक बारिश या ओलावृष्टि कराते हैं। सर्दियों के मौसम में इनकी फ्रीक्वेंसी कम होती है। लेकिन, अब इनकी संख्या ज्यादा दिखाई दे रही है। इसके अलावा साइक्लोनिक सर्कुलेशन यानी चक्रवात और ट्रफ भी एक्टिव है। यदि 13 मई की ही बात करें तो एक-एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस, ट्रफ और साइक्लोनिक सर्कुलेशन एक्टिव रहा। इस वजह से प्रदेश में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। मंडला समेत कई जिलों में बारिश का दौर बना रहा।



## दूसरे पखवाड़े में कुछ दिन ही पड़ेगी गर्मी...

फिलहाल सिस्टम के एक्टिव होने से 19-20 मई तक प्रदेश के कुछ जिलों में आंधी, बारिश का दौर जारी रह सकता है। इसके बाद गर्मी का असर शुरू होगा। नौतपा के आधे दिन तक तेज गर्मी का असर रहेगा। हालांकि, एसी-कूलर के कारोबार में ज्यादा बढ़ोतरी होने का अनुमान नहीं है।

## मंदसौर में बारिश-आंधी की संभावना...

मंदसौर में दोपहर में तेज गर्मी के बाद शाम को फिर से बादल आसमान पर छाए रहे। मौसम विभाग ने भोपाल, इंदौर और उज्जैन समेत 30 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ घंटों में मध्यप्रदेश के सिंगरौली, भोपाल, बैतूल, उज्जैन और आगर में तेज आंधी चल सकती है। यहां गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होने की संभावना जताई गई है। वहीं, पांढुर्णा, डिंडौरी, बड़वानी, धार, बुरहानपुर, खरगोन, नीमच, मंदसौर, रतलाम, इंदौर, राजगढ़, शाजापुर, सीहोर में भी बारिश होने की संभावना है। विदिशा, मुरैना, गुना, अशोकनगर, सागर, रीवा, मऊगंज, सीधी, टीकमगढ़, छतरपुर, सतना, शिवपुरी और अनूपपुर में भी मौसम बदल सकता है।



## जिला आबकारी अधिकारी पर 10 लाख रुपए रिश्वत मांगने का आरोप...

# रुपए नही दिए तो बंद करा दी दुकान..!

### डीईओ बोले निरीक्षण के लिए गए थे, लगाए गए आरोप गलत

**पिपलिया मंडी, 18 मई गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के डिप्टी सीएम व वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा के विधानसभा क्षेत्र में शराब दुकान सेल्समेन व जिला आबकारी अधिकारी के बीच 10 लाख रिश्वत को लेकर विवाद की बात सामने आई है। रविवार शाम नगर में चौपाटी स्थित शराब दुकान पर विवाद की स्थिति बन गई। जिला आबकारी अधिकारी, टीम सहित दुकान का निरीक्षण करने पहुंचे थे। उन्होंने निरीक्षण में बाधा पहुंचाने की बात कही। इसके बाद दुकान बंद हो गई। जबकि, सेल्समेन का कहना है कि दुकान को आबकारी विभाग के अधिकारियों ने बंद करवा दिया। सेल्समेन ने आबकारी अधिकारी पर 10 लाख रुपए रिश्वत की मांग करने का भी आरोप लगाया। इससे पहले का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें वीडियो बना रहा व्यक्ति बोल रहा है कि पिपलियामंडी शराब दुकान पर डीईओ साहब की तानाशाही। रविवार को 10 लाख रुपए डीईओ साहब बीएल डांगी मांग रहे है। मंथली बंदी चाहिए इनको। दूसरे साहब की कोई गलती नही है, मेन तो डीईओ साहब है। वीडियो में जिला आबकारी अधिकारी बीएल डांगी व अन्य अधिकारी कागजी कार्रवाई करते दिख रहे है।

**सही होने के बाद भी मांग रहे 10 लाख**–शराब दुकान सेल्समेन रंजनकुमार का कहना है डीईओ साहब हर पांच दिन में आते है, सब कागज सही पाए जाने पर भी वह बोलते है कि तुम्हारे बोर्ड पर लायसेंस वाले का नाम नही लिखा हुआ है, वर्ष नही लिखा हुआ है, बोर्ड बड़ा बना हुआ है। रविवार को आकर बोला कि दुकान का शटर बंद करना है, बाहर निकल। या तेरे सेठ को बोल कि 10 लाख रुपए मंथली दे हमको। हर पांच दिन में आते है और बोलते है कि तुम्हारे दारु में पानी है। जबकि, हम सही है। जबरन हमें परेशान किया जा रहा है।

**मैनेजर ने दर्ज कराई शिकायत**–सनी सिंह पिता सुनील सिंह चौहान निवासी मंदसौर ने लिखित शिकायत की। जिसमे कहां गया की महिपाल सिंह पिता कालू सिंह शक्तावत निवासी मुंदेड़ी के नाम पर जो लाइसेंस की शराब की दुकान है। उस दुकान में मैं मैनेजर के रूप से कार्य करता हूँ। आज 18 मई 2025 को पिपलियामंडी चौपाटी स्थित शराब की दुकान से सेल्समैन ने कॉल कर कहा कि जिला आबकारी अधिकारी आए हैं और 10 लख रुपए मांग रहे है। नहीं देने पर अवैधानिक तरीके से परेशान कर दुकान बंद करने की धमकी दे रहे है। इस पर मैं दुकान पर पहुंचा और मैंने जिला आबकारी अधिकारी बद्रीलाल जी डांगी से बात की। साहब नहीं माने, आग बबूला हो गए और कहा की तुम्हारी दुकान को भी बंद करवाऊंगा और तुम्हारे खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी करूंगा और गाली गलौज करने लगे। इसी दरमियान दुकान का किराया लेने के हेतु भारत विजयसिंह निवासी मुंदेडी दुकान पर दुकान का किराया लेने हेतु पहुंचे। उन्होंने भी इस प्रकार का कृत्य देखा एवं जिस प्रकार से अशोभनीय शब्दों का इस्तेमाल कर रहे थे और दुकान बंद करा रहे थे, उस समय अन्य लोगों ने भी वहां पर देखा और हमारे साथ में गाली गलौज की। जिला आबकारी अधिकारी दांगी के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई करने का कष्ट करें और यदि जिला आबकारी अधिकारी स्वयं दुकान चलाते हैं तो स्वत: हम उन्हें देने के लिए तैयार है।

**हमारे साथ झूमाझटकी हुई, आरोप गलत**–जिला आबकारी अधिकारी बीएल डांगी का कहना है कि टीम के साथ निरीक्षण के लिए गए थे। लेकिन, वहां ..... **शेष पेज 3 पर**

## ट्रांसपोर्ट गोदाम में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**नीमच, 18 मई गुरु एक्सप्रेस।** शहर के ग्वालटोली के स्कीम नंबर-34 में जैन ट्रांसपोर्ट के गोदाम में अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल की दो टीमें मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। घटना रविवार दोपहर की है।

जैन ट्रांसपोर्ट के संचालक हितेश जैन ने बताया कि आग से गोदाम में रखा कपड़ों का सामान जलकर राख हो गया। प्रारंभिक जांच में आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। दमकल विभाग की कार्रवाई से गोदाम में रखा अन्य सामान बच गया। अगर आग पर समय पर काबू नहीं पाया जाता तो नुकसान और अधिक हो सकता था। घटना के समय आसपास के निवासियों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने भी आग बुझाने में दमकल कर्मियों की मदद की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## माध्यमिक शिक्षा मंडल: 5वीं-8वीं बोर्ड की पुन: परीक्षा 02 जून से

**मंदसौर, 18 मई गुरु एक्सप्रेस।** राज्य शिक्षा केंद्र ने पांचवीं और आठवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं में अनुत्तीर्ण और अनुपस्थित विद्यार्थियों को दोबारा परीक्षा में मौका देने के लिए नई समय सारिणी जारी की है। दोबारा होने वाली ये परीक्षाएं 02 जून से शुरू होकर 09 जून तक चलेगी। पहले ये परीक्षाएं 23 मई से होनी थी, जिसे संशोधित करके राज्य शिक्षा केंद्र ने यह नई समय सारिणी जारी की है। जिले में इन दोनों परीक्षाओं में 07 हजार से ज्यादा विद्यार्थी शामिल होंगे। मार्च में हुई परीक्षा में जिले में दोनों ही कक्षाओं में 40 हजार से ज्यादा विद्यार्थी शामिल हुए थे। इस मुख्य परीक्षा में फेल हुए विद्यार्थियों की दोबारा परीक्षा 02 जून से शुरू हो रही हैं। इनका समय सुबह 10 से दोपहर 12.30 बजे के बीच रहेगा। इसमें सभी विषयों के प्रश्नपत्र लिए जाएंगे। दोबारा ली जा रही इस परीक्षा में फेल होने वाले विद्यार्थियों को फेल ही माना जाएगा।

# कैसे मिलेगा मरीजों को पोष्टिक आहार..?



**48 रूपए में देना होगी ठेकेदार को दिनभर की थाली!**

**भोपाल, 18 मई गुरु एक्सप्रेस।** सरकारी अस्पतालों में भर्ती रोगियों की थाली से पौष्टिक आहार नदारद हो रहा है। पौष्टिक के नाम पर मरीजों की थाली में निम्न गुणवत्ता वाला भोजन परोसा जा रहा है। सरकार प्रति दिन प्रति मरीज के भोजन पर सिर्फ 48 रुपए खर्च करती है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि महंगाई के दौर में इतनी कम धनराशि में मरीज को दिन में दो बार के नाश्ते और दो बार के खाने में क्या मिलता होगा? पिछले तीन साल से स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अस्पताल अधीक्षक राशि बढ़ाकर 200 रुपए करने का प्रस्ताव दे रहे हैं। सूत्रों के अनुसार सरकार एम्स भोपाल की तरह अपने अस्पतालों में पौष्टिक आहार देने के लिए राजी हुई है। लेकिन, अभी यह प्रस्ताव फाइलों में घूम रहा है।

## इतने कम पैसे में कैसे मिल सकती है इतनी खुराक...

✻ सुबह का नाश्ता: पोहा, उपमा या ब्रेड, दूध 250 एमएल 10 रुपए
✻ सलाद: एक कटोरी (50 ग्राम) 2 रुपए
✻ रोटी: चार नग (120 ग्राम) 5 रुपए
✻ हरी सब्जी: एक कटोरी (100 ग्राम) 5 रुपए
✻ दाल: एक कटोरी (30 ग्राम) 5 रुपए
✻ नमकीन दलिया: एक कटोरी (100 ग्राम) 3 रुपए









# खानपुरा में 48 लाख रू. की लागत से नाला बनेगा



**मंदसौर, 18 मई गुरु एक्सप्रेस।** नगरपालिका परिषद मंदसौर के द्वारा खानपुरा राजीव कॉलोनी स्थित वार्ड क्र. 31 में वर्षा एवं गंदे पानी की निकासी के लिये नाला निर्माण का कार्य शीघ्र ही प्रारंभ होगा कल रविवार को नाले के निर्माण कार्य को शुरू करने हेतु भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राजीव कॉलोनी व खानपुरा क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य नागरिकगण भी शामिल हुए। लगभग 48 लाख रू. की लागत से बनने वाले इस नाले का भूमिपूजन लोकसभा सांसद श्री सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री यशपालसिंह सिसोदिया, नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, भाजपा मण्डल अध्यक्ष श्री विनोद डगवार, शा. महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री नरेश चंदवानी समाजसेवी श्री विजय सुराना, क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती माया नीलमचंद भावसार, नपा लोकनिर्माण समिति सभापति श्रीमती निर्मला चंदवानी, पूर्व पार्षद राकेश भावसार, भाजपा बुथ अध्यक्ष भरत वर्मा के द्वारा विधिवत पूजन अर्चन कर व श्रीफल बदारकर किया गया। कार्यक्रम में मंचासीन इन सभी अतिथियों का क्षेत्र के नागरिकों ने पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधियों ने सांसद श्री सुधीर गुप्ता को उनके जन्मदिवस की एक दिन पूर्व (एडवांस) बधाई दी तथा उनका पुष्पहार पहनाकर स्वागत भी किया।

लोकसभा सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार व प्रदेश की मोहन यादव सरकार ने कभी धर्म, जाति के आधार पर भेदभाव नहीं किया। प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान योजना का लाभ हिन्दू मुस्लिम सभी को दिया। आज गरीब व्यक्ति पक्के मकान में रह रहा है। उसे इलाज के खर्च की चिंता नहीं है यह सब मोदीजी की सरकार में संभव हुआ है। केन्द्र की मोदी सरकार सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास के भाव को लेकर काम कर रही है। राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि जम्मू कश्मीर में सीमापार के आतंकवाद को मोदीजी की सरकार ने मुहतोड जवाब दिया है और 26 पर्यटकों की हत्या के बाद ऑपरेशन सिन्दूर के अंतर्गत आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त करने का कार्य किया है मैं इसके लिये मोदी सरकार व सेना दोनों को बधाई देता हूं। आपने इस मौके पर नगर विकास पर चर्चा में कहा कि भाजपा की नपा परिषद जनआकांक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास कर रही है। इसके लिये पूरी परिषद बधाई की पात्र है। पूर्व विधायक व प्रदेश भाजपा प्रवक्ता श्री सिसोदिया ने कहा कि मंदसौर नगर के विकास के लिये भाजपा की नपा परिषदों व प्रदेश की भाजपा सरकार ने कोई कसर नहीं छोडी है। कांग्रेस ने भी लगातार 19-20 वर्ष नपा में लगातार काबिज रही। 10 वर्ष प्रदेश में सरकार रही लेकिन उसने मंदसौर नगर के लिये कोई काम नहीं किया। मंदसौर नगर पालिका ने गत दो बडे पम्प हाउस बनाये जिसके कारण शनि विहार व खानपुरा के निचले क्षेत्र में जलभराव की जो समस्या थी उसका समाधान हुआ। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने कहा कि क्षेत्रीय पार्षद माया भावसार लगातार दो वर्ष से प्रयासरत थी कि यहां नाला बने आज उनकी यह मांग पूर्ण होने जा रही है। अब राजीव कॉलोनी में जलभराव की समस्या नहीं रहेगी। कार्यक्रम में सीएमओ सुधीरकुमारसिंह, पार्षद भावना जयप्रकाश पमनानी, आशीष गौड, बब्बन युसुफ गौरी, नरेन्द्र बंधवार, राजेश सोनी ऐरावाला, सुनीता भावसार, समाजसेवी राजाराम तंवर, इक्बाल भाई बैली, नईम रहमानी, दिलीप प्याला राजु पोरवाल, वंदना भावसार, सादिक हुसैन गामा, मण्डल महामंत्री धर्मेन्द्र जटिया, राजेश वोहरा, नरेन्द्र पंवार, राजेश बडोलिया, सैलानी बाबा, गोलू सांखला, इरफान नीलगर, मोईन भाई, शेखर भाई, जाहिद पठान, दिनेश शर्मा, नपा उपयंत्री शाहिद मिर्जा, समयपाल पंकज साकी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पार्षद प्रतिनिधि राकेश भावसार ने किया तथा आभार विपिन भादविया ने माना।



## तेज़ आंधी-बारिश से टोल प्लाज़ा की छत उड़ी

**पिपलिया मंडी, 18 मई गुरु एक्सप्रेस** शनिवार शाम आई तेज आंधी और बारिश ने पिपलियामंडी टोल प्लाजा को बुरी तरह नुकसान पहुँचाया। तेज हवाओं और मूसलाधार बारिश से टोल बूथ नंबर 4, 5 और 6 क्षतिग्रस्त हो गए। मुख्य कैनोपी भी टूट गई। बूथों में लगे कंप्यूटर सेट और लाइटें खराब हो गईं। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि तेज हवा और बारिश के कारण टोल संचालन पूरी तरह प्रभावित हुआ। टोल स्टाफ ने स्थिति को संभालने की कोशिश की। इसी कारण कोई जनहानि नहीं हुई। एक पेड भी टूटकर गिर गया। टोल प्रबंधन नुकसान का आकलन कर रहा है। जल्द ही मरम्मत का काम शुरू होगा। स्थानीय लोगों के अनुसार गर्मी के मौसम में इस तरह की आंधी और बारिश कई सालों बाद देखने को मिली है।

# महिला का शव कुएं में मिला, हत्या की आशंका

### उज्जैन जिले की है रहने वाली, तीन दिन से थी लापता

**रतलाम, 18 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिले के ताल थाना क्षेत्र के ग्राम खारवाखुर्द के महिदपुर रोड पर स्थित एक खेत में उज्जैन जिले के ग्राम रणायरापीर खेड़ा निवासी महिला का शव मिला। शव दो-तीन दिन पुराना होकर डेमेज हो चुका है। वह तीन दिन से लापता थी। स्वजन ने उसकी हत्या करने का आरोप लगाते हुए मामले से जांच करने की मांग की है।

**यह है पूरा मामला-** पुलिस व ग्रामीणों के अनुसार ग्राम खारवाखुर्द के महिदपुर रोड के पास स्थित पंकज अग्रवाल उज्जैन वाले के खेत में स्थित कुएं में शनिवार शाम किसी ने महिला का शव देखा। इसके बाद रमेश पुत्र रूघनाथ निवासी ग्राम खारवाखुर्द ने पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी विक्रमसिंह चौहान, एसआई मोहम्मद अय्यूब खान व अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा महिला का शव बाहर निकलवाया। उसके शव की चमडी निकलने लगी थी तथा आंखें भी बाहर निकली हुई थी। मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। कुछ समय बाद महिला के शव की पहचान 42 वर्षीय राजूबाई पत्नी स्वर्गीय रामलाल मालवीय निवासी ग्राम रणायरापीर खेड़ा थाना झार्डा जिला उज्जैन के रूप में हुई। सूचना मिलने पर उसके स्वजन व रिश्तेदार भी मौके पर पहुंचे। शव पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कालेज रतलाम भिजवाया गया। रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराकर शव उसके स्वजन को सौंप दिया गया।दोपहर में स्वजन शव लेकर गांव पहुंचे तथा उसका अंतिम संस्कार किया।

**रुपये व जेवर भी नहीं मिले-** राजूबाई के रिश्तेदार व ग्राम पंचायत कोयल (उज्जैन) के पूर्व सरपंच तूफान सिंह ने बताया कि राजूबाई के पति का कई वर्ष पहले निधन हो चुका है। उसके बच्चे भी नहीं है। उसके तीन भाई राधेश्याम, बालू व नैनसिंह है। वह गांव में भाई राधेश्याम के साथ रहती थी। पीएम आवास योजना में मंजूरी मिलने पर राजूबाई गांव में ही मकान बनवा रही थी। वह 14 मई को मकान बनवाने के लिए कुछ रूपये लेकर सामान लेने निकली थी। इसके बाद वह घर नहीं लौटी। उसने जेवर भी पहन रखे थे। उसके फोन पर बार काल की गई लेकिन फोन बंद था। उसकी कई जगह तलाश की गई, नहीं मिलने पर 16 मई को महिदपुर रोड थाने पर गुमशुदगी दर्ज कराई थी। उसे तलाश कर रहे थे, इसी बीच उसके कुएं में मृत होने की सूचना मिली। उसके पास रुपये व शरीर पर जेवर नहीं मिले। उसके साथ धोखाधड़ी कर उसकी किसी ने या कुछ लोगों ने हत्या की है। पुलिस प्रशासन मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करें। आजाद समाज पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष गोवर्धन परमार (नेगरून) ने भी कहा कि राजूबाई की हत्या की गई है, जांच कर दोषियों पर कार्रवाई होना चाहिए।

मृतका राजूबाई के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव स्वजन को सौंप दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट अभी नहीं मिली है। रिपोर्ट मिलने के बाद मौत का कारण पता चलेगा। मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

**विक्रमसिंह चौहान**
**थाना प्रभारी ताल**

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर हुआ योगाभ्यास



**मंदसौर, 18 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिला आयुष अधिकारी डॉ कमलेश धनोतिया ने जानकारी देते हुए बताया कि आयुष मंत्रालय मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार 21 जून 2025 को अंतराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन एवं जन जागरुकता आदि पूर्व तैयारियों को लेकर जिला आयुष विभाग और जिला खेल - युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में हॉकी खेल ग्राउंड, एम आई टी चौराहा पर योगाभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। जिसमे जिला खेल अधिकारी विजेन्द्र सिंह देवड़ा, आयुष डॉक्टर्स, पैरामेडिकल कर्मचारी एवं लगभग 100 युवा खिलाड़ियों ने भाग लिया। योग अभ्यास योग प्रशिक्षक जितेश जैन एवं योग सहायक पुष्पेंद्र सिंह सिसोदिया ने करवाया।

# मंदसौर जिला इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संघ का गठन

### नरेंद्र धनोतिया अध्यक्ष, प्रकाश शर्मा उपाध्यक्ष और शाहिद चौधरी सचिव मनोनीत



**मंदसौर, 18 मई गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर जिला इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संघ की एक संगठनात्मक बैठक वरिष्ठपत्रकार विनोद गौड़ की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में मंदसौर जिला इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संघ का गठन किया गया जिसमें वरिष्ठ पत्रकार नरेन्द्र धनोतिया को सर्वानुमति से अध्यक्ष मनोनीत किया गया। मंदसौर जिला इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संघ के उपाध्यक्ष पद पर प्रकाश शर्मा, कोषाध्यक्ष मनीष पुरोहित, सचिव शाहिद चौधरी, सह सचिव प्रीत शर्मा, संगठन मंत्री प्रदीप कारपेंटर, सह संगठन मंत्री सलमान कुरैशी और प्रवक्ता पद पर अजय बाडोलिया, कार्यालय मंत्री रोहित सोलंकी मनोनीत किए गए। संघ के संरक्षक पद पर विनोद गौड़, राजेश कुलश्रेष्ठ, आकाश चौहान मनोनीत किए गए। संगठन में सर्वानुमति से निर्णय लिया गया कि संगठन में देश और प्रादेशिक स्तर के सभी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े हुए पत्रकार शामिल हो सकेंगे। वर्तमान में प्रारंभिक ढांचे में 25 पत्रकारों को कार्य कारिणी में लिया गया है। संगठन की अवधारणा इलेक्ट्रिक मीडिया के पत्रकारों के हितों को ध्यान में रखकर किया गया है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए बनाया गया यह संगठन प्रशासनिक, राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में हम भूमिका निभाएगा। संगठन पत्रकारिता के क्षेत्र में अपने सभी दायित्वों का निर्वाण करते हुए संगठन की मजबूती के लिए लगातार काम करेगा। संगठन में मनोनीत किए गए अध्यक्ष, सचिव, उपाध्यक्ष, संगठन मंत्री, सचिव, सह सचिव सभी ने संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया है। कार्यकारिणी में देवेंद्र मोर्य, अशोक परमार, दीपक शर्मा, बलवंत भट्ट, राजपाल सिंह परिहार, शुभम चौहान, ललित शंकर धाकड़, राजेश शर्मा, देवेंद्र यादव, शादाब चौधरी, गोलू चौहान, रमेश चौहान, हिम्मत सिंह चौहान, राजू भाई सोनी, जितेन्द्र देवड़ा, निखिल पोरवाल को लिया गया। उक्त जानकारी कार्यालय मंत्री रोहित सोलंकी ने दी है।

# मिशन कर्मयोगी अंतर्गत कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग की क्षमता इकाई का गठन

**मंदसौर, 18 मई गुरु एक्सप्रेस।** राज्य शासन द्वारा मिशन कर्मयोगी अंतर्गत कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग की क्षमता इकाई का गठन किया गया है। प्रमुख सचिव कुटीर एवं ग्रामोद्योग श्री अमित कुमार राठौर को अध्यक्ष एवं आयुक्त हाथकरघा एवं हस्तशिल्प तथा प्रबंध संचालक संत रविदास म.प्र. हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम श्री मदन कुमार नागरगोजे को सदस्य सचिव बनाया गया है।

श्री मालसिंह भयडिया प्रबंध संचालक म.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी म.प्र. माटीकला बोर्ड, श्री मोहित बुंदस आयुक्त रेशम संचालनालय, श्री अरुण कुमार सिंह उप सचिव कुटीर एवं ग्रामोद्योग, श्री जी.एस. आर्य अवर सचिव कुटीर एवं ग्रामोद्योग को सदस्य बनाया गया है। मिशन कर्मयोगी, एक सरकारी पहल है, जिसका उद्देश्य सिविल सेवकों को राष्ट्र की सेवा के लिए बेहतर तैयार करना है। यह सिविल सेवा में सुधार के लिए एक व्यापक योजना है। मिशन कर्मयोगी का उद्देश्य पारदर्शिता और प्रौद्योगिकी के माध्यम से सिविल सेवकों को एक आदर्श कर्मयोगी के रूप में विकसित करना है। मिशन कर्मयोगी, सार्वजनिक सेवा में सुधार के लिए एक व्यापक योजना है, जिसमें कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग भी शामिल है। यह मिशन ग्रामीण विकास के लिए आवश्यक सुधारों को लागू करने में मदद करता है। मिशन कर्मयोगी के माध्यम से सिविल सेवकों को प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे वे कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के कार्यों को बेहतर ढंग से समझ सकें और उन्हें लागू कर सकें। मिशन कर्मयोगी, कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के कर्मचारियों की क्षमता विकसित करने और विभाग में सुधारों को लागू करने में मदद करता है, जिससे सार्वजनिक सेवा अधिक प्रभावी और कुशल हो सके। कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग का प्राथमिक कार्य ग्रामीण क्षेत्रों में कुटीर और ग्रामोद्योगों का विकास करना है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करने और आर्थिक विकास में योगदान करता है। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने एवं स्थानीय उत्पादों के प्रचार में भी मदद करता है।

## पूर्व तहसीलदार मुकेश सोनी मजदूर कल्याण समिति के प्रदेश प्रभारी मनोनीत

**मंदसौर, 18 मई गुरु एक्सप्रेस।** मजदूर कल्याण समिति म.प्र. के प्रदेश प्रभारी के पद पर सर्वसम्मति से मुकेश सोनी को मनोनीत किया है। मजदूर कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष करणसिंह परिहार ने बताया कि श्री मुकेश सोनी पूर्व में मंदसौर तहसीलदार के पद पर रहे है तथा वे अनुविभागीय अधिकारी झाबुआ के पद से सेवानिवृत्त हुए है। श्री मुकेश सोनी के प्रदेश प्रभारी बनाये जाने से मजदूरों के कल्याण व हित के कार्य को गति मिलेगी। प्रदेश अध्यक्ष श्री परिहार ने बताया कि पूर्व में दिनांक 15 मई को मजदूर कल्याण समिति की प्रदेश व जिले के कार्यकारिणी को भंग कर किया गया था।

## सिटी ट्रेड यूनियन की आज होगी आमसभा

**मंदसौर, 18 मई गुरु एक्सप्रेस।** मौजूदा संकटकालीन परिस्थितियों के चलते केन्द्रीय संगठनों ने 20 मई को होने वाली देशव्यापी हड़ताल के स्थगन का निर्णय लिया है। इसी संबंध में आज 19 मई की शाम 6 बजे गांधी चौराहा पर नगर की समस्त ट्रेड यूनियनों की आम-सभा का आयोजन किया गया है। दैनिक वेतन भोगी यूनियन (सीटू) के जिला महासचिव बालूसिंह तथा विद्युत कर्मचारी फेडरेशन के प्रांतीय सचिव जितेन्द्रसिंह सिसौदिया ने समस्त सिटी ट्रेडयूनियन के साथियों से उक्त आमसभा में भाग लेने तथा सभा को संबोधित करने की अपील की है।

## पशुपालन गतिविधियों में कार्यशील पूंजी हेतु किसान केसीसी लिकेंज करावें

**मंदसौर, 18 मई गुरु एक्सप्रेस।** उपसंचालक, पशुपालन एवं डेयरी विभाग जिला मंदसौर द्वारा बताया गया कि, किसान केडिट कार्ड अभियान अंतर्गत पशुपालको को कार्यशील पूंजी की आवश्यकता की पूर्ति हेतु पशुपालन गतिविधि से जोडने की कार्यवाही की जा रही है।

पशुपालन की गतिविधियों में पशुपालक के के.सी.सी. लिंकेज होने पर पशुचारा, दाना, बाटा कय करने हेतु बैंक शाखा के द्वारा प्रति गाय 18 हजार रू एवं प्रति भैंस 20 हजार रू की राशि 3 माह के लिये प्रदाय की जायेगी। पशुपालक राशि 3 माह में जमा करके पुन: राशि आवश्यकता अनुसार प्राप्त कर सकता है। 1. पशुपालक का पूर्व में जिस बैंक में केसीसी हो उसी बैंक में पशुपालन की गतिविधियों में पशुपालक के.सी.सी. लिंकेज करावें। 2. जिस पशुपालक के नाम से पूर्व में केसीसी है उसी के नाम से आवेदन करें। 3. पशुपालक का केसीसी खाता डिफाल्टर या ओवरड्यू नही होना चाहिए। समस्त पशुपालकों से अनुरोध है कि पशुपालन गतिविधियों में कार्यशील पूंजी हेतु किसान क्रेडिट कार्ड लिकेंज के लिये स्थानीय पशु चिकित्सक से संपर्क कर योजना का लाभ उठावें।

## अवैध उत्खनन करने पर वन अपराध दर्ज

**नीमच, 18 मई गुरु एक्सप्रेस।** डी.एफ.ओ. नीमच श्री एस.के. अटोदे एवं उप वनमण्डहलाधिकारी श्री दशरथ अखण्ड के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र रतनगढ के वनखंड गुंजालिया की बीट गुंजालिया के कक्ष क्रमांक पी-243 में शनिवार को अवैध रूप से उत्खनन किया जा रहा था। इस पर वन विभाग द्वारा दो आरोपियों के विरूद्ध वन अपराध दर्ज किया गया है। रेंजर श्री पी.एल. गेहलोत ने बताया, कि वनखण्डै गुजालिया के कक्ष क्रमांक पी 243 में अवैध रूप से वाहन जे.सी.बी. से पत्थर खोद कर (उत्खनन) ट्रेक्टर ट्राली में भरा जा रहा था। जिसकी घेरा बंदी कर जे.सी.बी चालक व एक ट्रेक्टर चालक को मौके से पकड़ा तथा दो अन्य ट्रेक्टर चालक ट्रेक्टर छोड़ कर भागने में सफल रहे। वन विभाग की टीम ने जे.सी.बी. पंजीयन क्रमांक MP44GA1770, ट्रेक्टर महिंद्रा डीआई RJ 09RC 6376 एवं एक ट्रेक्टर बिना नम्बर का महिद्रा नूवो 475 एवं बिना नंबर का ट्रेक्टर स्वराज 939 एफई को वनपरिक्षेत्राधिकारी श्री प्रतापलाल गेहलोत, , परिक्षेत्र सहायक डीकेन श्री अजय तौमर परिक्षेत्र, परिक्षेत्र सहायक श्री तरूण बोरीवाल, वनरक्षक श्री नयन मालवीय, श्री नितेश रावत , श्री राकेश वर्मा , श्री निरंजन पाराशर श्री कालू सिंह निनामा की टीम ने जप्त कर आरोपी धनराज पिता गोपाल निवासी डिकेन एवं शंकरलाल पिता नगजीराम निवासी देहपुर को गिरफ्तार कर भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33 ख के तहत अवैध उत्खन करने पर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 3494/11दिनांक 17 मई 2025 पंजीबद्ध कर नियमानुसार कार्यवाही की गई है।

# श्रीमद् भागवत गीता मुक्ति का कल्पवृक्ष है-चंद्र देव

### कलश यात्रा के साथ राधा कृष्ण मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा शुभारंभ



**नीमच, 18 मई गुरु एक्सप्रेस।** श्रीमद् भागवत के उपदेश विकृतियों को दूर कर देते हैं।सत्संग बिना मानव जीवन अधूरा रहता है।श्रीमद् भागवत परमात्मा से मिलने का सशक्त माध्यम है। श्री मद्भागवत गीता के उपदेश मुक्ति का कल्पवृक्ष है।यह बात भागवत आचार्य पंडित चन्द्र देव महाराज ने कही।वे श्री चंद्र वंशी ग्वाला गवली समाज के तत्वावधान एवं मनीराम बिजोबाई दिवान की पावन स्मृति में राधा कृष्ण मंदिर में तृतीय सामूहिक गंग भोज कार्यक्रमों की पावन उपलक्ष्य में आयोजित श्री मद् भागवत कथा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत में 332 अध्याय 18 हजार पुराण 12 स्कंद होते हैं। श्रीमद् भागवत मुक्ति का कल्पवृक्ष है इसकी छाया में सभी धर्म फलते-फूलते हैं।जहां भागवत ज्ञान गंगा होती है प्रयागराज कुंभ भी वहीं आ जाता है। श्रीमद् भागवत सनातन धर्म का मूल वृक्ष है।भागवत वेद रूपी कल्पवृक्ष है इससे सभी की मनोकामनाएं पूर्ण होती है और पाप नष्ट हो जाते हैं। पापियों के पाप धोते-धोते राम तेरी गंगा मैली हो गई। तीर्थ के दर्शन करने से मन को शांति मिलती है। भक्ति द्रविड़ कर्नाटक में पली गुजरात में पहुंचकर जीर्ण सीर्ण हो जाती है।वृंदावन में बल मिलता है। भक्ति ज्ञान बैराग्य के बिना की अधूरी रहती है। भागवत श्रवण करने से वैराग्य जागृत होता है। भागवत श्रवण करें तो क्रोध दूर हो जाता है।भगवान की भक्ति की संगत ही आत्मा का कल्याण करती है। मनुष्य सर्व धर्म का त्याग कर सनातन धर्म श्री कृष्ण की शरण में आ जाए तो सब पापों से मुक्ति मिल जाती है।भागवत कथा आत्मा को मोक्ष दिलाने के लिए श्रवण करना चाहिए । भागवत कथा मोह का नाश कर मुक्ति को दिलाती है ।यही भागवत कथा का लक्ष्य होता है।माता और पति से कभी छल नहीं करना चाहिए। हम जैसा अन्न खाते हैं वैसा ही हमारा मन होता है ।इसलिए पवित्र परिश्रम से कमाए हुए धन से ही अन्न ग्रहण करना चाहिए। शरीर में 10 कर्मेंद्रिय होती है, पांच ज्ञानेंद्रियां, पांच कर्मेंद्रियां व ग्यारहवां मन होता है। मोह दु:ख का कारण होता है। हरि कीर्तन कर तो दु:ख का निवारण होता है। मृत्यु शाश्वत सत्य है। यह शरीर एक दिन मृत्यु को प्राप्त करेगा। भागवत ज्ञान और सम्मान दिलाती है।इससे पहले रविवार सुबह 10बजे श्रीमद् भागवत पोथी पूजन के बाद अमृत कलश यात्रा प्रारंभ हुई जो नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली गई। कलश यात्रा में बग्गी में चंद्र देव जी महाराज विराजमान थे। दीवान परिवार के सदस्य भागवत पोथी को शिरोधार्य कर चल रहे थे। बैंड बाजे पर श्रीमद् भागवत पर आधारित भजनों की स्वर लहरिया बिखर रही थी। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

## तिरंगा यात्रा निकाली, बच्चों ने पहनी सैनिक वेशभूषा

**पिपलिया मंडी, 18 मई गुरु एक्सप्रेस।** नगर में रविवार शाम तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा टीलाखेड़ा बालाजी मंदिर से शुरू होकर गांधी चौराहे तक पहुंची। इसमें बच्चों ने सैनिक वेशभूषा पहनकर भाग लिया। यात्रा में नगर के वरिष्ठ नागरिक, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। देशभक्ति गीतों और नारों के साथ लोग हाथों में तिरंगा लेकर चले। इस अवसर पर भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान भी किया गया। यात्रा में जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

# वैश्य महासम्मेलन ने प्रदेश में एक सशक्त संगठन खड़ा किया

### उज्जैन-मंदसौर संभाग की क्षेत्रीय बैठक पूर्व मंत्री गुप्ता एवं प्रांताध्यक्ष अग्रवाल के आतिथ्य में सम्पन्न



**मंदसौर, 18 मई गुरु एक्सप्रेस। भगवान श्री पशुपतिनाथ की नगरी मंदसौर में रविवार को ऋतुवन होटल में वैश्य महासम्मेलन मंदसौर एवं उज्जैन संभाग की क्षेत्रीय बैठक प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री एवं वैश्य समाज के शिरोमणी संरक्षक श्री उमाशंकर गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई । अध्यक्षता वैश्य महासम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष श्री सुधीर अग्रवाल ने की तथा सह संगठन महामंत्री श्री राजकुमार गुप्ता ग्वालियर , प्रदेश महामंत्री श्री जगदीश अग्रवाल गरोठ, श्री अशोक सोमानी देवास, मंदसौर संभाग अध्यक्ष श्री संतोष चौपड़ा, उज्जैन संभाग अध्यक्ष श्री राजेश अग्रवाल, मंदसौर जिला प्रभारी श्री नरेन्द्र अग्रवाल, जिलाध्यक्ष श्री जगदीश चोधरी मंचासीन थे।**

इस अवसर पर प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री श्री उमाशंकर गुप्ता ने कहा कि लगातार परिश्रम एवं पवित्र उद्देश्य से हमने मध्यप्रदेश में वैश्य महासम्मेलन के रूप में एक बड़ा सशक्त संगठन खड़ा किया है। वैश्य महासम्मेलन आज संपूर्ण मध्य प्रदेश में प्रत्येक संभाग, जिला, तहसील एवं ग्राम पंचायत स्तर तक पहुंच गया है प्रत्येक वैश्य बन्धु को जोड़ने के लिए हम प्रयासरत हैं वैश्य की रक्षा कोई सरकार ,शासन नहीं कर सकता है । वह हमें स्वयं को करना होगी। वैश्य समाज पर होने वाले अत्याचार एवं पक्षपात को दूर करने के साथ संगठन को मजबूती से खड़ा करना है। हमारा उद्देश्य वैश्यो के हितों की रक्षा करना और उनमें सुरक्षा के भाव पैदा करना हैं। संगठन को ओर मजबूती से खड़ा करने के लिए हमें प्रयास करना होगा । निरंतर संपर्क, संवाद ,सेवा, समर्पण, सहयोग के मंत्र को लेकर वैश्य परिवारों तक पहुंचना होगा। संगठन के लिए प्रत्येक महीने में एक दिन प्रवास करें। प्रत्येक जिले, तहसील, ग्राम तक पहुंचे । वैश्य समाज को आपकी आवश्यकता है। वैश्यों के हितों की रक्षा करने के लिए प्रशासन से चर्चा कीजिए। आपने नगर गांव शहर में निवास करने वाले वैश्य घटकों की बैठक कीजिए, बात कीजिए, उनकी समस्याओं पर चर्चा कीजिए यह हमारा दायित्व है हम संगठन के पदाधिकारी हैं। वैश्य महासम्मेलन संगठन वैश्य समाज की रक्षा एवं उनमें सुरक्षा का भाव पैदा करने के लिए बनाया गया। मध्यप्रदेश में राजनीतिक पार्टी भाजपा और कांग्रेस के बाद यदि कोई सबसे बड़ा संगठन वैश्य महासम्मेलन है जिसके 60 हजार सदस्य हैं और अब जुलाई तक एक लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है और यह लक्ष्य आप सभी वैश्य बन्धुओ को पूरा करना है। वैश्य महासम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष श्री सुधीर अग्रवाल ने कहा कि वैश्य संगठन को ओर अधिक सक्रिय करने की जिम्मेदारी यहां बेठे सभी पदाधिकारियों की हैं। सुस्त रहने से संगठन का काम नही चलेगा।आपकी सक्रियता संगठन की आगे बढ़ाएगी तो आपकी भी पहचान बढ़ेगी। जब आप वैश्य समाज के लिए खड़े होंगे तब आपके संगठन की एक विशेष पहचान बनेगी। संगठन में ही शक्ति निहित होती है। संगठन पीड़ित मानवता की सेवा के लिए कार्य करें छोटा बनकर बड़ा संगठन खड़ा कीजिए। ताकत खडी करना है तो अहंकार को नष्ट कीजिए स्वाभिमान को जगाइए। आपने कहा कि संगठन से व्यक्ति को जोड़ने के लिए मन में ललक होना चाहिए। बहानेबाजी नहीं होना चाहिए कि कोई अच्छा व्यक्ति नहीं मिल रहा है बल्कि हम पूरे परिश्रम से खोज नहीं पा रहे हैं इसलिए सदस्यता नहीं बढ़ पा रही है मन में अटूट विश्वास रखकर निस्वार्थ भाव से अगली पीढ़ी को धरोहर में कुछ बढ़कर देकर जाए।

श्री अग्रवाल ने कहा कि संगठन बड़ा होता है व्यक्ति नही , कोई यदि यह घमंड करता है कि में संगठन से बड़ा हु तो यह उसकी सबसे बड़ी भूल है। आपने कहा कि आने वाले पीढ़ी को सुरक्षा और संस्कार देना हमारी जिम्मेदारी हैं इसलिए गांव गांव में वैश्य बन्धुओ को संगठन से जोड़ो। सिर्फ आपकी जिम्मेदारी जो प्रॉपर्टी है उसको ही बढ़ाने की नही बल्कि उसके साथ साथ बचो में संस्कार और सुरक्षा देने की जिम्मेदारी भी है। श्री अग्रवाल ने बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को जुलाई माह तक सभी जिलों में एक हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया। बैठक में उज्जैन शहर, उज्जैन ग्रामीण, देवास, शाजापुर, आगर मालवा ,रतलाम, मंदसौर नीमच जिले के अपेक्षित पदाधिकारी थे। आरंभ में अतिथियों ने कुलदेवी माँ महालक्ष्मी जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर बैठक का शुभारंभ किया। अतिथियों एवं उज्जैन एवं मंदसौर संभाग से बैठक में उपस्थित हुए अपेक्षित पदाधिकारीयो का स्वागत मंदसौर इकाई के जिला अध्यक्ष श्री जगदीश चंद्र चौधरी जिला महामंत्री श्री भगवानदास विजयवर्गीय, श्री भरत कोठारी, युवा इकाई के संभागीय प्रभारी श्री कपिल भंडारी ,जिला प्रभारी श्री जगदीश काला, जिलाध्यक्ष श्री राकेश दुग्गड, जिला महामंत्री श्री दिलीप सेठिया, श्री सचिन पाटनी, श्री अनिल अग्रवाल , श्री मोनू विनायका,श्री राजेश बोहरा ,श्री अप्रैश भंडारी, श्री आशीष अग्रवाल महिला संभागीय प्रभारी श्रीमती चंदा कोठारी ,जिला अध्यक्ष श्रीमती श्वेता अग्रवाल ,नगर अध्यक्ष श्रीमती रचना पोरवाल, श्रीमती रानी अग्रवाल, श्रीमती स्वाति विनायका, श्रीमती रुपाली बोहरा, श्रीमती नीतू पाटनी ने किया। कार्यक्रम का संचालन मंदसौर जिला प्रभारी श्री नरेंद्र अग्रवाल ने किया तथा आभार जिला महामंत्री श्री भगवान दास विजयवर्गीय ने माना।



**अव्यवस्था-** इन दिनो तेलिया तालाब का जल स्तर कम हो गया है। यहां कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने से आमजन पानी के पास तक पहुंच रहे है। जिससे कभी भी कोई दुर्घटना की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है।

# शिवना शुद्धिकरण करने उमड़ा जनसैलाब, जलकुंभी व गंदगी नदी से निकाली



**मंदसौर, 18 मई गुरु एक्सप्रेस।** 1 मई से शुरू हुए शिवना शुद्धिकरण अभियान में श्रमदान करने हेतु दिन प्रतिदिन नागरिकों की संख्या बढ़ती जा रही है। रविवार को शिवना के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने हेतु जन सैलाब उमड़ पड़ा। श्रमदान करने सर्वसमाज, जिला धार्मिक उत्सव समिति, कुमावत समाज, गुरूद्वारा गुरूसिंह सभा मंदसौर, सार्थक वेलफेयर सोसायटी, महावीर इंटरनेशनल, वर्धमान स्थानक श्रावक संघ नईआबादी, पी.जी. कॉलेज स्टॉफ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना, घुमंतु प्रवासी समुदाय, नरसिंहपुरा दिगम्बर जैन सोश्यल ग्रुप, जैन दिवाकर ग्रुप मंदसौर, जैन दिवाकर नवयुवक परिषद, दशपुर जागृति संगठन, विजन एकेडमी, जैन सोश्यल ग्रुप मंदसौर, जोगणिया अम्बे माता मंदिर अभिनंदन नगर, नामदेव छीपा समाज सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक श्रमदान करने उपस्थित हुए।

विधायक श्री विपिन जैन ने कहा कि पशुपतिनाथ मंदिर से कोर्ट रोड तक नदी साफ व स्वच्छ दिखाई देने लगी है। यह सब 1 मई से 18 मई तक श्रमदान करने वालों की मेहनत का परिणाम है। आगे भी शिवना शुद्धिकरण अभियान निरंतर जारी रहेगा। श्री जेन ने सभी से इसमें सहभागिता करने का अनुरोध किया है। 18 मई को श्रमदान करने विधायक विपिन जैन, कथावाचक पं. दशरथ शर्मा भाई जी, जिला धार्मिक उत्सव समिति के गुरूचरणसिंह बग्गा, कन्हैयालाल सोनगरा, रूपनारायण मोदी, राजेन्द्र चाष्टा, दिलीप जैन, विनोद मेहता, राहुल चाष्टा, नटवर पारिख, बंशीलाल टांक, घुमंतु प्रवासी समुदाय से रविप्रतापसिंह बुंदेला देवीलाल सुनार्थी, नामदेव गुरूद्वारा गुरूसिंह सभा मंदसौर के गुरुदीपसिंह छाबड़ा, कमल चावला, स्नेहदीप साहनी, छीपा समाज से अशोक बघेरवाल, राजेश मेड़तवाल, संदीप नामदेव, चेतन नामदेव, विष्णु गंगवार, दीपक तिवारी, प्रकाश मेडतवाल, पवन पिलोदिया, नारायण बघेरवाल, विष्णु मेड़तवाल, जोंगड़िया अम्बे माता मंदिर अभिनंदन नगर से आये कैलाशचन्द्र गुप्ता, जगदीश सिंह राठौर, सचिन पोरवाल, रामचन्द्र सौलंकी, अनिल कसेरा, दिनेश चौहान, इन्द्रकुमार, कुमावत समाज के वरदीचंद कुमावत, माणकलाल अडानिया, लक्ष्मीनारायण टांक, गोपाल वातरा, राजेश अडानिया, राजू कुमावत, लाला मुंडेल, जैन दिवाकर नवयुवक परिषद मंदसौर से पवन जैन, आशीष उकावत, राजेश सिंघवी, संजय विक्रम, आनंद नाहर, पियुष मुरड़िया, सिद्धार्थ पामेचा, सौरभ चौरड़िया, दिप्ती जैन, शिल्पा जैन, विनिता सिंघवी, इशान जैन, हेमंत मेहता, महेश नाहर, सपना नाहर, जैन सोश्यल ग्रुप के कमल कच्छारा, सुनील पामेचा, अशोक कर्नावट, नरेन्द्र मेहता, रमेश जैन, शरद गांधी, आदि भण्डारी, संजय दोशी, हेमंत मेहता, विशाल गोदावत, तेजमल गांधी, अभिषेक खमेसरा, संदीप बाफना, अनिल डांगी, सार्थक वेलफेयर सोसायटी से उर्मिला तोमर, अनंत तारे, प्रीति छाबड़ा, हस्ती सांखला, नरेन्द्र त्रिवेदी, विक्रमसिंह, अर्पित सेन, हिमांशु पाण्डेय, डॉ. निशा शर्मा, अनुज बालियान, राजकुमार अग्रवाल, अंजना पटेल, दशपुर जागृति संगठन कन्हैयालाल सोनगरा, सत्येन्द्रसिंह सोम, जयंत भावसार, राजाराम तंवर, बंशीलाल टांक, सम्यक डायमण्ड कॉलोनी मंदसौर से आये जगदीश सोनी, रामचन्द्र मालवीय, वासुदेव चौहान, गौरव शर्मा, आयुषी पंवार, विदित मालवीय, महेश मालवीय, सतीश मालवीय (कॉलोनाईजर), सोहन मालवीय, गणपत तेनीवार, गोविन्दराम मालवीय, राकेश डांगी, ए.पी. शर्मा, गोपाल राठौर, अलकाबाई राठौर, विजन एकेडमी मंदसौर से सुनीर सर दिल्ली वाले, दुर्गेश चंदेल, ब्रजेश माट, पीजी कॉलेज स्टॉफ डॉ. जे.एन. दुबे, डॉ. आर.के. व्यास, डॉ. टी.के. झाला, डॉ. अनिल कुमार आर्य, डॉ. राजीव कुमार, डॉ. ललिता लोधा, रविना भांभी, जान्वी जैन, प्रखर दुबे, दिव्यांशु नलवाया, अर्पित परमार, श्रीकांत पाण्डेय, प्राची सोनी, सुधांशु भावसार, राज लिलोरिया, नमन जैन, कृष्णपाल बारेट, देवांश मालवी, सुनील कंदारा, सुमित नेक्श, राहुल शर्मा, धीरज प्रजापत, खुशबु परिहार, आयुषी राणा, नरसिंहपुरा दिगम्बर जैन सोश्यल ग्रुप के ललित जैन, पंकज जैन, संतोष जैन, रमेश जैन, दिलीप जैन, अशोक जैन चयन, निलेश जैन, अनिल जैन, सौरभ जैन, वर्धमान स्थानक श्रावक संघ नईआबादी के अरविंद कुमार जैन, महावीर कच्छारा जैन, बसंत जैन, नरेन्द्र मेहता, महावीर इंटरनेशनल के भागचंद खण्डेलवाल, राजेश गर्ग, विकास गोदावत, सुजानमल जैन, आदिश जैन, योमेश जैन, निलेश जैन, अरविंद कुदार, अरविंद जैन, अनिल खाबिया, ग्राम धमनार से डॉ. सोहनलाल धाकड, विकास धाकड, दुर्गालाल बंगरा, मोहित धाकड, शिवनारायण चौहान, आक्या गांव से प्रियंका खारोल, कृष्णा प्रजापत, रामभरोसे माली, रामनारायण माली, मोहनलाल माली, अमलावद गांव से बंटी पुरोहित, महिपालसिंह, कैलाश कुमावत, रमेश धनगर, पवन शर्मा, दशरथ कुमावत, रमेश लोहार, भरत पाटीदार, समाजसेवी अजीत कुमार नाहर, मनीष भावसार, रमेश सोनी, बालकृष्ण पोरवाल, संजय गुप्ता गब्बु, रामगोपाल चौहान, मनोज जैसवार, हेमंत जैसवार, महिला नेत्री रफत पयामी, इष्टा भाचावत, सोनाली जैन, प्रमीला नाहर, शैली पोरवाल, अनिता भदोरिया, दीपाली पोरवाल, गीताली पोरवाल, रश्मि फरक्या, ज्योति खचनारिया, मुमताज बी, कांग्रेसजन राघवेन्द्रसिंह तोमर, विकास दशोरा, तरूण खिची, दिलीप देवड़ा, राजनारायण लाड़, सुरेश खचनारिया, राजेश फरक्या, संजय नाहर, मनोहर नाहटा, योगेश जोशी, रमेश सिंगार, विश्वास दुबे, साबिर इलेक्ट्रीशियन, मिथुन कटारिया, अशोक राव, शिवशंकर सौलकी, अकरम खान, राकेश सेन, योगेन्द्र गौड, राजा वर्मा, गोपाल बंजारा, दिव्यांश सौलंकी, राकेश जैन पिंटू, महेश गुप्ता, गोपाल बंजारा, ओमप्रकाश सूर्यवंशी मांडवी, रूपेश फरक्या, कृतिश नाहर, चेनसिंह सिसौदिया, गणपत कुमावत, कचरमल जटिया, सादिक गौरी, अजय सोनी, ऋषिराज लाड़ सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक पहुंचे।



# कृष्णा क्लब ने जीता नगरी प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबला

## कोमल मैन ऑफ द मैच तथा यश मैन ऑफ द सीरीज रहें

**नगरी, 18 मई गुरु एक्सप्रेस।** नगरी प्रीमियर लीग के फाइनल मुकाबले में कृष्णा क्लब ने नगरी फाइटर को 20 रनों से हराकर एनपीएल खिताब अपने नाम कियां विजेता उपविजेता के साथ ही पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को क्षेत्रीय विधायक एवं अन्य उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।

नगर में चल रहे नगरी प्रीमियर लीग का फाइनल मैच शनिवार रात्रि को खेला गयां टॉस जितकर पहले बेटिंग करते हुए कृष्णा क्लब ने निर्धारित आठ ओवर में छः विकेट खोकर 97 रन बनायें कृष्णा क्लब की ओर से मोहित धाकड ने 22 बाल पर 37 रनों की शानदार पारी खेली। साथ ही कोमल बग्गड़ ने 5 बालों पर 16 रन एवं वैभव बग्गड़ ने 7 बाल पर 19 रनों की उमदा पारियां खेलीं कृष्णा क्लब के 97 रनों के लक्ष्य का पिछा करते हुए नगरी फाइटर की पुरी टीम निर्धारित आठ ओवर में पांच विकेट खोते हुए 77 रन ही बना पाई। इस प्रकार कृष्णा क्लब ने फाइनल मुकाबला 20 रनों से जीतां कोमल बग्गड़ ने 2 ओवर में 2 विकेट के एक मेडन ओवर फेकने के साथ ही उम्दा बेटिंग के लिए मैन ऑफ द मैच तथा यश शिंदे को पुरी सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द सीरीज तथा तरूण अटोलिया को सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाडी का पुरस्कार प्रदान किया गया। विजेता टीम को क्षेत्रीय विधायक विपिन जैन की ओर से 31 हजार रूपये का तथा उपविजेता टीम को पूर्व भाजपा दलोदा मंडल अध्यक्ष रामेश्वर अटोलिया द्वारा 15 हजार का तथा मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार पिछड़ा मोर्चा दलोदा मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर अटोलिया द्वारा प्रदान किया गया। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में अतिथि के रूप में विधायक विपिन जैन, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामेश्वर अटोलिया, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि घनश्याम बग्गड़, नप उपाध्यक्ष घनश्याम अटोलिया ने उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित कियां इस दोरान चंद्रशेखर अटोलिया, मुकेश चचावद, दूर्गालाल कसानिया, संजय अटोलिया, दिलशेर पठान, महेंद्र कुमार जैन , राजकुमार जैन एवं भरत जड़वासा की उपस्थिति रहीं टूर्नामेंट के आयोजक देवेंद्र अटोलिया, विकास जैन, कोमल बग्गड़, जगदीश अटोलिया, पुष्कर कुमावत एवं राजेश यति ने अतिथियों का स्वागत कियां कार्यक्रम का संचालन बालाशंकर अटोलिया ने एवं आभार देवेंद्र अटोलिया ने माना।

# ब्रह्मलीन स्वामी चैतन्य देव का मनाया महानिर्वाण पुण्य दिवस

**मंदसौर, 18 मई गुरु एक्सप्रेस।** श्री चैतन्य आश्रम मेनपुरिया में आश्रम के परम पूज्य युवाचार्य महन्त स्वामी मणि महेश चैतन्यजी महाराज स्वामी शिव चैतन्य जी महाराज, स्वामी कृष्ण परमानंद सरस्वती जी महाराज, स्वामी मोहनानन्दजी महाराज, महंत श्री शोभानानाथ करवासिया आश्रम ताल के सानिध्य में चैतन्य आश्रम मेनपुरिया के संस्थापक ब्रह्मलीन स्वामी श्री चैतन्य देव महाराज का 63वां महानिर्वाण पुण्य दिवस मनाया गया।

प्रारंभ में आश्रम में स्वामी चैतन्यदेवजी के समाधि मंदिर में प्रतिष्ठित उनके श्रीविग्रह का पूजन, अभिषेक आरती की गई। पूजन विधि पुजारी दिनेश व्यास, पं. विष्णु व्यास, पं. प्रद्युम्न व्यास, विनोद गोस्वामी ने सम्पन्न कराई। सस्वर वेदपाठ श्री पशुपतिनाथ संस्कृत पाठशाला बटूकों द्वारा किया गया। स्वामी मणि महेश चैतन्यजी महाराज ने स्वामी चैतन्यदेवजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी चैतन्यदेवजी पूर्ण वितरागी संत थे। उनका सम्पूर्ण जीवन कठिन तपस्या त्याग करते हुए अपने ज्ञान बोध से शरीर में स्थित चैतन आत्मा का बोध कराते रहे। आप कहते थे जो हमारे भीतर स्थित अमर चेतन आत्मा का दिग्दर्शन करा दे वहीं चैतन्य देव कहलाता है। स्वामी चैतन्य देव भीक्षावृत्ति करने कही जाते नहीं थे जो लाकर कुटिया में रख जाता था उसे ग्रहण कर लेते थे। स्वामी जी ने करमदा नाम के फल की जो गहरी फैली हुई झाड़िया होती है उन्हें अंदर से काटकर भीतर बैठकर भजन, ध्यान करते रहते थे। ताकि दर्शन के बहाने उन्हें देखकर उनके समीप आकर उनकी साधना में विक्षेप नहीं कर सके। विश्व प्रसिद्ध अष्टमुखी भगवान पशुपतिनाथ के प्रतिष्ठाता ब्रह्मलीन स्वामी प्रत्यक्षानंदजी ने चैतन्य आश्रम में रहते हुए प्रतिष्ठाता योजना का मूर्त रूप दिया था। स्वामी कृष्णा परमानंदजी सरस्वतीजी महाराज, ट्रस्टी बंशीलाल टांक ने भी स्वामी चैतन्यदेवजी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। एरिस कास्मेटिक संस्था प्रतापगढ़ के प्रबंधक बरखेड़ा निवासी भाई अरूण पाटीदार द्वारा आश्रम को गर्मी में ठण्डा और सर्दी में गरम रहने वाले वाटर कुलर आश्रम को भेंट करने पर स्वामीजी एवं ट्रस्ट द्वारा सम्मान किया गया। लोकन्यास अध्यक्ष प्रहलाद काबरा, कोषाध्यक्ष महेश गर्ग, ट्रस्टी प्रद्युम्न शर्मा, एडवोकेट अजय सिखवाल, बंशीलाल टांक, राधेश्याम गर्ग, शिवनारायण शर्मा, दशपुर जागृति संगठन अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र पुराणिक, मनीष भावसार, विश्वास दुबे, सुधांशु भावसार, मिथुन कटारिया, महेश नाथ भाटी, मनोज परिहार उपस्थित रहे। आभार लोकन्यास अध्यक्ष प्रहलाद काबरा ने माना।



# पीडब्ल्यूडी ने जारी की निर्माण की नई दरें

## अब छोटी सड़के महंगी और लंबे मार्ग पड़ेंगे सस्ते

**भोपाल/मंदसौर, 18 मई गुरु एक्सप्रेस।** गली-मोहल्लों की सड़के बनाना महंगी और मुख्य मार्गों का निर्माण सस्ता होगा। पीडब्ल्यूडी की नई एसओआर दरें इस तरह की स्थिति को बता रही है। आमजन और सरकारी धन के उपयोग के अनुसार देखें तो गली मोहल्लो की सड़कों को बनाने में ज्यादा राशि खर्च करनी होगी और लंबी सड़को का निर्माण कम खर्च में होगा।

नए एसओआर के अनुसार डामर की एक किमी लंबाई की सड़क की दर 70.08 रुपए क्यूबिक मीटर तय की है। जबकि, पांच से दस किमी की सड़कों के लिए 4.3 रुपए है। करीब 17 गुना कम। ऐसे में आने वाले दिनों में शहर में ज्यादा ठेकेदार आने और इनका निर्माण बढने की स्थिति बनती दिख रही है। विभाग ने पहली बार सड़क निर्माण की सामग्री के साथ प्रति किमी के अनुसार दर तय की है।

**सड़क निर्माण की पुरानी सामग्री के उपयोग पर जोर**–नए एसओआर में सड़क- ब्रिज में पुरानी ही सामग्री के उपयोग पर जोर दिया गया है। एफडीआर, व्हाइट टॉपिंग, अल्ट्रा-हाई-परफॉर्मेंस कंक्रीट (यूएचपीसी), ग्लास फाइबर रीइन्फोर्स्ड पॉलिमर, अपशिष्ट प्लास्टिक, जियोमेश और स्टैंप्ड कंक्रीट से निर्माण का उल्लेख है। गुणवत्ता नियंत्रण के तहत प्रयोगशाला परीक्षण उपकरणों और दरों को भी अनुसूची में शामिल किया गया है।

**इनका कहना...**

निर्माण में नई सामग्री और बढ़ती लागत के तहत शेड्यूल ऑफ रेट तय होता है। इसके अनुसार ही एजेंसियां अपनी दरें देती हैं। इसमें जरूरत के अनुसार बदलाव होता है। एक्सपर्ट्स की टीम इसे तय करती है।

**केपीएस राणा, इएनसी, पीडब्ल्यूडी**

## कार से मिला 3.75 लाख का डोडाचूरा जप्त

**नीमच, 18 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिले के सिंगोली में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में 75 किलो अवैध डोडाचूरा जब्त किया है। बेगू रोड बरडावदा फंटा पर नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने एक काली मारुति सुजुकी सियाज कार को रोका। कार से जोधपुर निवासी राजू विश्नोई को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस कप्तान अंकित जयसवाल के निर्देशन में की गई इस कारवाई में कार से 05 प्लास्टिक के कट्टों में भरा डोडाचूरा मिला। आरोपी राजू पिता ओपाराम 32 वष निवासी सेवालो की ढाणी, पलासणी थाना डांगियावास जिला जोधपुर का रहने वाला है। जब्त किए गए सामान में 3.75 लाख रुपए कीमत का डोडाचूरा है। इसके अलावा 2.50 लाख रुपए की कार और 08 हजार रुपए का वीवो कंपनी का मोबाइल भी शामिल है। कार का नंबर डीएल 08 सीएपी 3250 है। सिंगोली थाना प्रभारी भुरालाल भाबर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।



## जोश एवं उत्साह के साथ निकली तिरंगा यात्रा

**नगरी, 18 मई गुरु एक्सप्रेस।** आपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के शौर्य को सम्मान देते हुए नगर में रविवार को तिरंगा यात्रा निकलीं नागरिक सुरक्षा मंच के तत्वाधान में नगर के वार्ड क्रमांक 6 स्थित बालाजी मंदिर से तिरंगा यात्रा प्रारंभ हुई। देशभक्ति गीतों के साथ हाथों में तिरंगा थामें बड़ी संख्या में युवाओं एवं जनप्रतिनिधियों ने जोश एवं उत्साह के साथ रैली में भाग लिया। तिरंगा यात्र नगर के बस स्टैंड, इंडिया गेट, तेजाजी प्रांगण, नीम चोक एवं सदर बाजार भ्रमण करते हुए गांधी चोराह पहुँच कर यहाँ भारत माता की आरती के साथ तिरंगा यात्रा का समापन हुआ। नगर परिषद अध्यक्ष संगीता बग्गड़, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष नानालाल अटोलिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामेश्वर अटोलिया, सांसद प्रतिनिधि घनश्याम बग्गड़, पिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर अटोलिया, पूर्व नप अध्यक्ष गीताबाई वाकतरिया, पार्षद राजू-मुकेश चचावद सहित बड़ी संख्या में नागरिकों की नागरिकों की उपस्थिति रही।

# वूमन फॉर ट्री अभियान में प्रदेश की सशक्त भागीदारी

**मंदसौर, 18 मई गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में केन्द्र सरकार के एक पेड माँ के नाम से प्रेरित होकर अमृत मित्र योजना के अंतर्गत वूमन फॉर ट्री पौध-रोपण अभियान का संचालन किया जा रहा है। यह अभियान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में क्रियान्वित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम अमृत 2.0 योजना एवं डे-एनयूएलएम के कन्वर्जेंस से संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों में हरित क्षेत्र का विस्तार, पर्यावरण संतुलन बनाये रखने, नागरिकों को स्वस्थ जीवन-शैली एवं महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक आत्मनिर्भरता प्रदान करना है। वूमन फॉर ट्री अभियान के संचालन के लिये केन्द्र सरकार ने पोर्टल तैयार किया है। सभी प्रदेशों से उन स्थानों का चयन करने के लिये कहा गया था, जिन स्थलों पर पौध-रोपण किया जायेगा। मध्यप्रदेश राष्ट्रीय स्तर पर दूसरे स्थान पर है, जहाँ 565 विजिट कर स्थल की पहचान की गयी है।

यह कार्यक्रम प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में विश्व पर्यावरण दिवस पर शुरू किया जायेगा। विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से 31 अगस्त 2025 तक प्रदेश में व्यापक स्तर पर पौध-रोपण अभियान संचालित किया जाएगा। यह पौधे जल संरचनाओं के आसपास, कैचमेंट एरिया, पार्क, शासकीय संस्थानों, विद्यालयों, जल शोधन संयंत्रों तथा उपलब्ध शासकीय भूमि का चयन कर किया जायेगा। लगाये गये पौधों का संरक्षण एवं नियमित निगरानी महिला स्व-सहायता समूहों (अमृत मित्रों) के माध्यम से की जायेगी। नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त श्री संकेत भोंडवे ने बताया कि प्रदेश में वूमन फॉर ट्री अभियान तीन चरण में पूरा किया जाएगा। प्रथम चरण में स्थल चयन के लिये भ्रमण कार्यक्रम 21 मई से 23 मई, दूसरा चरण पौध-रोपण कार्यक्रम 5 जून से 31 अगस्त तक और तीसरा चरण पौधों का संरक्षण एवं निगरानी कार्य 1 से 2 वर्षो र्तक किया जायेगा। यह अभियान नारी सशक्तिकरण एवं हरित भारत के निर्माण की दिशा में एक अनूठा प्रयास है। इस अभियान को सामाजिक सहभागिता और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के साथ पूरा किया जायेगा। देशभर में यह अभियान केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की मदद से संचालित किया जायेगा।

## मां अहिल्या विचार मंच आज निकालेगी सिंदूर शौर्य यात्रा

**मंदसौर, 18 मई गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय सेना शौर्य व पराक्रम पर गर्व के प्रकटीकरण को लेकर मां अहिल्या विचार मंच द्वारा आज 19 मई 2025, सोमवार को सायं 5 बजे श्री विश्वपति शिवालय गांधी चौराहा मंदसौर सिंदूर शौर्य यात्रा निकाली जाएगी। मां अहिल्या विचार मंच मन्दसौर ने बताया कि धर्म पूछकर देश की बहन, बेटियों के सिंदूर को उजाड़, भारत को कमजोर समझने का दुस्साहस करने वाले पाक के नापाक इरादों को भारतीय सेना ने अपने शौर्य और पराक्रम से ध्वस्त किया है। भारत की मातृशक्ति सबल, सक्षम और समर्थ है। और माता जीजा की ही तरह पुरुषार्थी पीढ़ी गढ़ रही है। हमें अपनी सेना पर गर्व है। इसी भाव के प्रकटीकरण के लिए आज विशाल सिंदूर शौर्य यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा आज सायं 5 बजे विश्वपति शिवालय से प्रारंभ होकर भारत माता चौराहा पहुंचेगी जहां पर भारत माता की दिव्य आरती होगी।

## आरटीई के तहत प्रवेश...

# पार्टल पर 45 किमी दूर दिखा रहा स्कूल

**मंदसौर, 18 मई गुरु एक्सप्रेस। आरटीई (शिक्षा का अधिकार अधिनियम) के तहत प्राइवेट स्कूलों में एडमिशन की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन हो रहे हैं। अभिभावक अपने बच्चों का स्कूलों में एडमिशन कराने के लिए पोर्टल पर आवेदन कर रहे हैं तो पोर्टल स्कूल को घर से दूर बता रहा है। एडमिशन के लिए आवेदन करने पर स्कूल 45 किमी तक दूर आ रहा है। इससे अभिभावक परेशान हैं कि आखिर इतनी दूर दाखिला कैसे कराएं।**

आरटीई में स्कूलों में एडमिशन वार्ड वार होते हैं। अभिभावक जब अपने बच्चों के दाखिले के लिए आवेदन करते हैं तो जिस वार्ड में रहते हैं, सबसे पहले उस वार्ड का स्कूल आना चाहिए। इसके बाद आसपास के वार्डों के स्कूल आने चाहिए। यही स्थिति गांवों की भी है। गांव में जब अभिभावक आवेदन कर रहे हैं तो 45 किमी तक का दूर बता रहे हैं। इससे अभिभावक भी हैरत में हैं और वे आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। इस संबंध में अभिभावकों ने शिक्षा विभाग के साथ ही जिला प्रशासन के अफसरों को शिकायत की है ताकि आवेदन हो सके।

**21 मई तक होना है आरटीई में दाखिला...**

आरटीई में दाखिले की प्रक्रिया 07 मई से शुरू हुई है। जिले की एक हजार से ज्यादा सीटों पर एडमिशन होना है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन हो रहे हैं। आखिरी तारीख 21 मई है। इसमें यदि सीटें खाली रह जाती हैं तो फिर दूसरे चरण की भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी।

# धनगर गायरी समाज दलौदा तहसील की बैठक संपन्न

**मंदसौर, 18 मई गुरु एक्सप्रेस। जिला धनगर गायरी समाज मंदसौर की बैठक का आयोजन कालका माता जी मन्दिर (मगरा माता जी) परिसर आकोदडा पर किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दशरथ धनगर द्वारा की गई। बैठक में जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है जिसके अंतर्गत जिला उपाध्यक्ष सुरेश धनगर आकोदडा ,तहसील अध्यक्ष दलोदा मदन धनगर पाल्या, तहसील उपाध्यक्ष महेश धनगर मनोनीत किए गए। बैठक में पूर्व दलौदा तहसील अध्यक्ष प्रकाश धनगर खोडाना का विदाई समारोह भी आयोजित किया गया। साथ ही आगामी कार्यक्रमों की रणनीति बनाकर सामाजिक संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया।**



जिला स्तर पर अहिल्या देवी जयंती का आयोजन , कक्षा 10वीं एवं 12वीं में प्रथम श्रेणी प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान, केरियर काउंसलिंग का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से समाज के वरिष्ठ रामलाल धनगर मउखेड़ी, जिला अध्यक्ष दशरथ धनगर, जिला उपाध्यक्ष कन्हैया लाल धनगर, जिला कोषाध्यक्ष अंबालाल धनगर, गोपाल धनगर पूर्व सरपंच अकोदडा, अंबालाल धनगर, बाबूलाल धनगर, कंवरलाल धनगर, प्रकाश धनगर, सुनील धनगर, नंदकिशोर धनगर, राजाराम धनगर, महेश धनगर, , जवाहरलाल धनगर, शवराम धनगर, गोपाल धनगर, देवीलाल धनगर, नानालाल धनगर, अजय धनगर, भविष्य धनगर, रवि धनगर, राजाराम धनगर, पारस कुमार धनगर, संतोष धनगर, श्याम लाल धनगर अध्यापक मोवई, नानालाल धनगर कई समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अंबालाल धनगर ने किया व आभार जिला अध्यक्ष दशरथ धनगर ने माना।

## रुपए नही दिए तो बंद...

पेज 1 से जारी

सेल्समेन ने हमें निरीक्षण नही करने दिया। सेल्समेन के आरोप गलत है, व्यवधान करने व अभद्र व्यवहार करने पर विभाग के उप निरीक्षक धर्मेन्द्र सांवले ने पिपलियामंडी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

**आवेदन आया है, मामला जांच में है**–टीआई विक्रमसिंह इवने का कहना है, अधिकारी व सेल्समेन के बीच विवाद की बात सामने आई है, जिला आबकारी अधिकारी ने सेल्समेन पर गाली-गलौज कर अभद्र व्यवहार करने की शिकायत दर्ज कराई है। मामला जांच में है।

# शिव परिवार एवं राम दरबार की देव प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

## भीषण गर्मी के बावजूद मातेश्वरी की प्राण प्रतिष्ठिता, ध्वज शिखर, कलश स्थापना में उमड़ा श्रद्धालु भक्तों का महाकुंभ

**नीमच, 18 मई गुरु एक्सप्रेस।** श्री चैना माता कुशला माता मंदिर लखेरा समाज ट्रस्ट नीमच के तत्वाधान में स्वर्गीय कालूराम जी, स्वर्गीय श्रीमती नंदू बाई कैथूनिया लखेरा की स्मृति में नवनिर्मित मंदिर देव प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। भीषण गर्मी के बावजूद अपार उत्साह के साथ समाज जनों ने सहभागिता निभाई। चैना माता कुशला माता रुप जी महाराज की जय घोष लगाई गई। नीमच नगर पालिका अध्यक्ष स्वाती गौरव चोपड़ा ने कहा कि धर्म के मार्ग पर चलने से जीवन के हर क्षेत्र में सफलता मिलती है। नियम और संयम का पालन करने से मानव जीवन में कल्याण होता है। सुहाग की चूडी बनाने वाला लखारा समाज बहुत परिश्रमी और पुरुषार्थ व स्वाभिमानी है इसलिए उनके श्रम का सम्मान पूरा देश करता है।

लखेरा समाज ट्रस्ट नीमच के संरक्षक अशोक बागड़ी, अध्यक्ष राधेश्याम केथुनिया सचिव किशोर बागडी, प्रचार मंत्री, सुरेश बागड़ी, ओम प्रकाश परिहार ने संयुक्त रूप से बताया कि उत्सव महंत श्री 1008 अयोध्या जी महाराज, श्री नृत्य बिहारी दास जी महाराज,व पंडित शंकर शास्त्री जी के सानिध्य में आयोजित किया गया। महोत्सव में नीमच मण्डल अध्यक्ष किशोर बागडी, लालचंद बांगडी, रमेश लक्षकार, मनोहर लाल बांगडी, गोपाल भाटी, किशोर चोहान, उपाध्यक्ष गोपाल भाटी ,रमेश बागडी, कोषाध्यक्ष रमेश चंद्र चौहान ,संरक्षक अशोक बागड़ी, नीमच मंदसौर जिला अध्यक्ष मुकेश हाटडिया, लखेरा समाज मंदसौर अध्यक्ष दिनेश सोलंकी, सकल लखेरा पंच रामपुरा मुकेश चौहान व अन्य समाज जनों का भी मार्गदर्शन मिला।महोत्सव की पावन श्रृंखला में 14 से 18 मई तक प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 11 बजे तक पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की पावन श्रृंखला में पंच कुंडीय हवन वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ आयोजित किया गया। महोत्सव की श्रृंखला में मातेश्वरी की शोभायात्रा व भजन संध्या का आयोजन किया गया। रविवार 18 मई को सुबह 6:30 बजे प्राण प्रतिष्ठा एवं ध्वजा शिखर कलश स्थापना व पूर्णाहुति का कार्यक्रम अपार उत्साह और वैदिक मंत्र उच्चारण व ढोल ढमाकों के साथ आयोजित किया गया।इस अवसर पर श्रद्धालु भक्तों ने विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में नृत्य करते हुए उत्साह दिखाया । आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। 56भोग की झांकी चमत्कारी बालाजी मंदिर इन्दिरा नगर की ओर से श्रृंगारित की गई। कार्यक्रम में राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, सहित देशभर से विभिन्न धार्मिक सामाजिक, महिला संगठनों के जिला सम्भाग राज्यों व राष्ट्रीय संगठनों के पदाधिकारीयों के साथ बडी संख्या में समाज जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन महेश चौहान दिलीप बागड़ी किशोर चौहान ने संयुक्त रूप से किया। लखेरा समाज ट्रस्ट नीमच के पदाधिकारीयों द्वारा नीमच नगर पालिका अध्यक्ष स्वाती गौरव चोपड़ा,चैना माता कुशला माता मंदिर पुजारी सुनील नागदा,मंदिर के धर्म लाभार्थी रामनिवास दिनेश राधेश्याम केथुनिया एवं परिवार जनों, मीडिया प्रभारी मनीष बागडी, सुनील बागड़ी इंदौर, संतोष मोहन हाटडिया, कृष्ण मोहन कैथूनिया, मुकेश बदनावर, कैलाश सोलंकी, मोहन इंदौर, निलेश पाली, राधेश्याम लखारा ट्यूबवेल, बंसीलाल बागड़ी रतलाम, महेश परिहार, राहुल परिहार ,नयन परिहार मंदसौर, अशोक बागड़ी नीमच, मनोहर सोलंकी उन्हेंल, कन्यालाल भाटिया उज्जैन, जगदीश चौहान नागदा, मंदिर निर्माण के विश्वकर्मा कारीगर यशवंत यादव भूपेश यादव हरीश जगर, लखेरा समाज मध्य प्रदेश केअध्यक्ष मोतीलाल इंदौर, राष्ट्रीय अध्यक्ष जयेश लखेरा सूरत, महेश चौहान, स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय के प्रोफेसर अशोक लखेरा, अशोक नाडाल का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया।

